## जैक सदस्य डॉ अरुण ने किया परीक्षा केंद्र का निरीक्षण

ईचागढ़(आजाद सिपाही)। झारखंड अधिविद परिषद की ओर से आयोजित मैट्रिक और इंटरमीडिएट की वार्षिक परीक्षा चांडिल अनुमंडल क्षेत्र में शांतिपूर्वक चल रही है। अनुमंडल क्षेत्र में मैट्रिक के लिए 17 और इंटरमीडिएट के लिए 11 परीक्षा केंद्र बनाया गया है। इस दौरान सोमवार को झारखंड अधिविद परिषद (जैक) के सदस्य डॉ अरुण कुमार महतो ने चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के तिरुलडीह थाना क्षेत्र में संचालित हो रहे तीन परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया।

## महात्मा एनडी ग्रोवर स्कूल की वर्षगांठ मनी



खूंटी (आजाद सिपाही)। मुरहू प्रखंड अंतर्गत ग्राम कुंजला में अवस्थित महात्मा एनडी ग्रोवर हाई स्कूल का 24वीं वर्षगांठ सोमवार को समारोह पूर्वक मनाया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि काशीनाथ महतो ने बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बच्चों से अपने माता-पिता के साथ ही गुरुजनों का सम्मान कर उनका आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की। इस अवसर पर स्कूली बच्चों द्वारा अनेक मनभावन कार्यक्रमों की प्रस्तुति की गयी। कार्यक्रम में स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ ही बड़ी संख्या में अभिभावक गण उपस्थित थे।

## रातू थाना में विदाई और स्वागत समारोह आयोजित



रातू (आजाद सिपाही)। थाना परिसर में शुक्रवार को निवर्तमान थानेदार सपन कुमार महथा का बिदाई तथा नये थानेदार शशिभूषण चौधरी का स्वागत समारोह आयोजित किया गया। प्रमुख संगीता देवी की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुई। वक्ताओं ने सपन कुमार महथा के द्वारा किये गये कार्य की खूब सराहना किया। उनके व्यवहार को काबिले तारीफ बताया। इस दौरान उनके चाहने वाले लोग तथा समस्त पुलिसकर्मियों ने बुके, शॉल, अंगवस्त्र तथा गिफ्ट देकर भावभीनी बिदाई दी। श्री महथा ने अपने संबोधन में कहा कि इन 15 महीनों में अमन पसंद रातू वासियो से जो प्यार व स्नेह मिला है वह हम कभी भुल नही पाएंगे। उन्होंने कहा कि शांति समिति में जुड़े लोगों ने अपराध पर नियंत्रण के लिए मेरा कदम से कदम मिला कर साथ दिया है। वहीं नये थानेदार शशि भूषण चौधरी ने कहा कि जनता सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है। मुझे सरकार ने जिस उम्मीद के साथ थाने में पदस्थापित किया है उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करूँगा। उन्होंने अपराध पर अंकुश लगाने के लिए सभी से जन सहयोग करने में भागीदारी व क्षेत्र में हो रहे अपराधिक घटना की खबर तुरंत पुलिस को देने की अपील की। लोगों ने बड़े गर्मजोशी के साथ फूल माला पहना कर उनका स्वागत किया। विदाई समारोह में सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

## यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन के कार्यालय में हुई असंगठित मजदूरों की बैठक

पिपरवार (आजाद सिपाही)। यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन के क्षेत्रीय कार्यालय बचरा में असंगठित मजदूरों की एक बैठक मुद्रिका प्रसाद की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में 16 फरवरी से बचरा साईडिंग मे होने वाले बंदी को लेकर चर्चा की गयी। बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि 13 फरवरी को सीसीएल प्रबंधन के द्वारा वार्ता के लिए बुलाया गया है। यदि वार्ता सकारात्मक रही तो ठीक है अन्यथा बचरा साईडिंग को अनिश्चितकाल के लिए बंद किया जायेगा। बैठक में यूनियन के मुंद्रिका प्रसाद, बाबूलाल राम,आईडी मेहता,रामजीत राम, अनिल कुमार, लखेश्वर राम, रविंद्र महतो, चमन सहित काफी संख्या में असंगठित मजदूर मौजूद थे।

## टुसू मेला सह बुगी-बुगी डांस का आयोजन



तमाड़ (आजाद सिपाही)। तमाड़ के जोड़ा पोखर के सामने आज टुसु मेला सह बुगी बुगी डांस का आयोजन किया गया। जिसमें काफी संख्या में भीड़ जुटी जिसमें टुसु मे कुजीयामा को प्रथम पुरस्कार 7 हजार रुपये दितीय पुरस्कार कुजीयामा 2 को चार हजार रुपये तथा तीसरा पुरस्कार अमलेशा को तीन हजार रुपये दिये गये। शाम को जमशेदपुर के कलाकारों ने बुगी बुगी में एक से बढ़कर एक डांस प्रस्तुत किया और समा को बांधे रखा। इस अवसर पर तमाड़ के पूर्व विधायक सह मंत्री गोपाल कृष्ण पातर उर्फ राजा पीटर आरती देवी पूर्व अभियंता प्रमुख सिंगराय टुटी जिला परिषद सदस्य विजय सिंह मानकी मुखिया सोनाराम मुंडा ललित सवासी मुनना सिंह, अमीत लाल, अरूण के अलावे कयी गण्य मान्य लोग शामिल हुए।

## विधायक किशुन दास का बचरा में हुआ स्वागत



पिपरवार (आजाद सिपाही)। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सह सिमरिया के विधायक किशुन कुमार दास का रांची और चतरा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में भव्य और अभूतपूर्व स्वागत किया गया। रांची जिला के बुडमू में आयोजित सम्मान समारोह में पार्टी के कार्यकर्ताओं ने फूल माला से अपने प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया। उसके बाद सिमरिया के विधायक किशुन कुमार दास सह भाजपा के एससी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष का काफिला चतरा जिला के बचरा पहुंचा, जहां भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। विधायक किशुन कुमार दास ने कहा कि भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व के द्वारा मुझे यह दायित्व सौंपा गया है और अपनी पूरी शक्ति के साथ अनुसूचित जाति मोर्चा के हर परिवार के लोगों के साथ में सदैव खड़ा रहूंगा। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष संजीव मिश्रा,रीना देवी,धनराज भोगता, रामप्रसाद महतो, राजेश, रविंद्र सिंह, राधा देवी, राजेंद्र प्रसाद, लक्ष्मण सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि सहित कई भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# लोगों का सुरक्षा का केंद्र बनेगा राहे थाना : सुदेश कुमार महतो



आजाद सिपाही संवाददाता

**राहे।** विधायक सुदेश कुमार महतो और ग्रामीण एसपी मनीष टोप्पो ने संयुक्त रूप से राहे थाना का विधिवत पूजन के बाद उद्घाटन किये। उद्घाटन के अवसर पर विधायक सुदेश कुमार महतो ने कहा कि जनता के हित में सभी के भरोसे को लेकर सुरक्षा का केन्द्र राहे थाना बनेगा। प्रयास किया जा रहा है कि राहे प्रखंड के सभी 9 पंचायत को राहे थाना के अधीन रखा जायेगा। ग्रामीण एसपी मनीष टोप्पो ने कहा कि पुलिस मैत्री सम्बंध को मजबूत करते हुये राहे थाना बेहतर सेवा देने का काम करेगा। थाना में सभी संसाधन जल्द पूरा किया जायेगा। लोगों की मांग है 9 पंचायत को राहे थाना के अधीन रखा जाय। लोगों की मांग को वरीय अधिकारियों के समक्ष रखा जायेगा। मौके पर इंस्पेक्टर रविन्द्र सिंह,सोनाहातू थाना प्रभारी सतीश वर्णवाल, राहे प्रभारी रामरेखा पासवान, सिल्ली, मुरी, अनगड़ा के थाना प्रभारी, उप प्रमुख उमेश महतो, मुखिया कृष्णा पातर, मनोज चटर्जी, सुरेंद्र प्रजापति, सुशांत सिंह, संजय, मीरा, करम सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## सोनाहातू में 9 करोड़ 17 लाख से बनेगी 12 किमी सड़क



सोनाहातू। पूर्व उपमुख्यमंत्री सह सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो ने सोमवार को सोनाहातू प्रखंड के हारिन, लोवाडीह,डोमाडीह, वनडीह और जिंतुडीह गांव में सड़क निर्माण कार्य का आधारशिला रखी गयी। बांकु-हारिन-करमटांड सड़क 1 करोड़ 74 लाख, लोवाडीह-जुड़गा 80 लाख,सिल्ली टिकर मुख्य मार्ग से जिन्तुडीह तक 1 करोड़ 6 लाख, प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत मुख्य मार्ग से वनडीह -डोमाडीह तक 5 करोड़ 56 लाख लागत से सड़क निर्माण कार्य किया जायेगा। इस दौरान विधायक निधि से 22 लाख 23 हजार से 4 पीसीसी और एक वाचनालय निर्माण कार्य का शिलान्यास किये। शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए विधायक सुदेश कुमार महतो ने कहा कि गांव में शिक्षा और स्वास्थ्य पर गुणात्मक सुधार किया जा रहा है। प्रखंड के सभी जर्जर सड़क का मरम्मत किया जायेगा। मौके पर सुनील सिंह, संजय सिद्धार्थ, चितरंजन महतो, संजय महतो, फणीभूषण सिंह, मुखिया मनोज मुंडा, विकास, देवेंद्र, धरनी देवी आदि मौजूद थे।

# कुड़मी हुंकार महारैली 18 फरवरी को

**पुरानीराय में हुई कुड़मी विकास मोर्चा की बैठक में लिया गया निर्णय**



आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** कोयलांचल क्षेत्र के राय पंचायत के पुरनीराय देवी मंडप के समीप कुडमी विकास मोर्चा के समाज की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष दीपक कुमार महतो और संचालन प्रमोद महतो व बीरबल महतो ने संयुक्त रूप से किया। बैठक में आगामी 18 फरवरी को रांची के मोरहाबादी मैदान में होने वाले कुडमी हुंकार महारैली में कोयलांचल क्षेत्र से हजारों की संख्या में निर्मल चौक बंबई होटल से पारंपरिक वेश भूषा, ढोल, नगाड़े और गाजे बाजे के साथ शामिल होने का निर्णय लिया। बैठक को संबोधित करते हुए कुडमी विकास मोर्चा के वक्ताओं ने कहा कि कुडमी महारैली में पुरे झारखंड से लाखों की संख्या में लोग उपस्थित होंगे और इस बार कुड़मी समाज अपने हक और अधिकार की लड़ाई लड़ते हुए लोकसभा विधानसभा का रुख तय करने वाले भी है,साथ ही साथ ऐतिहासिक रूप से राज्य की दशा-दिशा भी तय करेगी। बैठक में मुख्य रूप से धर्मनाथ महतो, दिलीप महतो, कृष्णा महतो, लालदेव महतो, मुकेश महतो, रविंद्र महतो, बिनोद कुमार, कृष्ण महतो, राजेंद्र, नारायण, संजय, गजेंद्र महतो, उपेंद्र कुमार सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# देशव्यापी हड़ताल को लेकर केडीएच और चुरी परियोजना में संयुक्त मोर्चा ने की गेट मीटिंग



आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** आगामी 16 फरवरी को होने वाली राष्ट्रव्यापी हड़ताल को लेकर एनके एरिया के केडी एच और चुरी परियोजना में संयुक्त मोर्चा के द्वारा गेट मीटिंग किया गया। गेटमिटिंग की अध्यक्षता प्रेम कुमार और संचालन गोल्टेन प्रसाद यादव ने किया। गेटमिटिंग को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि केंद्र सरकार के मजदूर किसान विरोधि नीतिओं के चलते आज देश के मिडिल क्लाश एवं वर्किंग क्लाश का जीना मुहाल हो गया है। सरकारी उपक्रमों और पब्लिक सेक्टरों को कौडियों के मोल बेचा जा रहा है। महंगाई चरम सीमा पर है। कोलियरियों का निजीकरण किया जा रहा है। मेडिकल अनफिट और मृत्यु के पश्चात मिलने वाली नौकरियों को रोकने की तैयारी चल रही है। कर्मचारियों के महिला आश्रितों को लाईव रोस्टर पर नही रखा जा रहा है। कोलियरियों में नई बहाली पर रोक लगाया जा चुका है। एमडीओ मोड और रिविन्यू शेयरिंग के फमूर्ले पर नई खदाने निजी कंपनियों को देने की तैयारी चल रही है। चार मजदूर विरोधि श्रम कोड शख्ती से लागू करने के लिए सरकार दबाव बना रही है। गैर मंजूरवा जमीन और जंगल झार जमीन पर नौकरी देना बंद कर दिया गया है। ठेका मजदूरों को हाई पावर कमिटी का मजदूरी भुगतान नहीं किया जा रहा है। पोस्ट रिटायर्ड मेंट मेडिकल बेनिफिट और पेंसन के फंड को मजबूत नहीं बनाया जा रहा है। इस तरह कोयला उद्योग के 13 मुदे और राष्ट्रीय स्तर के 15 मुद्दों को हाशिल करने के लिए यह हड़ताल किया जा रहा है। अपने उद्योगो की रक्षा और मिले हुए अधिकारों के सुरक्षा के लिए मजदूरों से हड़ताल करने के लिए अपील किया गया। गेट मीटिंग में शैलेश कुमार, डीपी सिंह, कृष्णा चौहान, सुनील कुमार सिंह, अजय कुमार सिंह, जीके साहू, अरबिंद, पजू महतो, धीरज और दोनों परियोजना के अध्यक्ष सचिवों ने अपने अपने बिचार रखे। इस अवसर पर दोनों परियोजनाओं के सैकड़ों मजदूर उपस्थित थे।

# विधायक ने कई योजनाओं का किया शिलान्यास



आजाद सिपाही संवाददाता

**ईचागढ।** विधायक सविता महतो ने सोमवार को कुकड़ू प्रखंड क्षेत्र के अति महत्वपूर्ण सड़क मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना सें स्वीकृत पीडब्लूडी रोड से महलीडीह सड़क का भूमिपूजन और चौड़ा में उप स्वास्थ्य केंद्र तथा चांडिल डैम रोड में जिला परिषद मार्केट कंपलेक्स की दूसरी मंजिल में दो हॉल और कमरा उन्यन कार्य का शिलान्यास विधिवत शिलापट्ट अनावरण कर किया। इस क्रम में विधायक ने कुकड़ू प्रखंड के चौड़ा में जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट निधि से स्वीकृत उप स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण कार्य 55 लाख रुपये कि लागत सें, कुकड़ू के महलीडीह में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना सें स्वीकृत करीब डेढ़ करोड़ कि लागत सें पीडब्लूडी पथ से महलीडीह तक 1.87 किमी सड़क व चांडिल प्रखंड के चांडिल डैम रोड में जिला परिषद मार्केट कंपलेक्स की दूसरी मंजिल में दो हॉल और कमरा उन्यन कार्य 19 लाख 80 हजार 389 रुपये कि किया जायेगा। इस दौरान विधायक सविता महतो ने कहा, ग्रामीणों की बहु प्रतीक्षित मांगो को पूरा किया जा रहा है। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य पिंकी पप्पू वर्मा, काबलु महतो, ओम प्रकाश लायेक, कुकड़ू प्रतिमा वाला पातर, एकरम, इंद्रजीत, रीना, मंजीत, अशोक, आदि काफी संख्या में ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

# लोन संबंधित लंबित आवेदनों का शीघ्र निष्पादन करें बैंक अधिकारी : डीडीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** उपायुक्त के निर्देशानुसार समाहरणालय सभागार में सोमवार को उप विकास आयुक्त नीतीश कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक आयोजित हुई। इस दौरान जिला अंतर्गत केसीसी योजना, पीएमईजीपी की उपलब्धि, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, सिडी रेशियो, एनपीए सहित अन्य कार्यों के अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गयी। उप विकास आयुक्त द्वारा सभी बैंकर्स को जिला उद्योग केंद्र के जीएम से समन्वय स्थापित कर संचालित योजनाओं के लक्ष्य को प्राप्त करने का निर्देश दिया गया। कहा गया कि समय पर प्राप्त आवेदनों का अनुश्रवण किया जाये। साथ ही आवेदनों का उचित रूप से निष्पादन किया जाना आवश्यक है। बैठक में किसानों को केसीसी ऋण उपलब्ध कराने का दिशा निर्देश दिया गया। इस दौरान जिले के बैंकों के जमा साख की समीक्षा की गयी। एलडीएम को निर्देशित किया गया कि बेहतर कार्य योजना बनाकर जमा साख के अनुपात में सुधार करें। मौके पर स्वयं सहायता समूह योजना के तहत क्रेडिट लिंकेज की समीक्षा की गयी। और एलडीएम को क्रेडिट लिंकेज को बढ़ाने का निर्देश दिया गया। जिले के बैंकों का सीडी रेशियो की समीक्षा करते हुए उप विकास आयुक्त द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि आपसी समन्वय स्थापित करते हुए शाखावार योजना बनायी जाये ताकि किसानों को विभिन्न योजनाओं का सीधा लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि बैंकों के कर्मियों को अपने कार्य दायित्वों का उचित रूप से निर्वहन करना आवश्यक है। मौके पर स्वयं सहायता समूह अंतर्गत सभी समूहों को प्राथमिकता देते हुए ऋण उपलब्ध कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया, ताकि स्वयं सहायता समूह की दीदियों को रोजगार से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर और सशक्त बनाया जा सके। बैठक में आरबीआई के महाप्रबंधक, नाबार्ड के डीजीएम, अग्रणी जिला बैंक प्रबंधक, जिला कृषि पदाधिकारी सहित जिले के विभिन्न बैंकों के जिला समन्वयक शामिल थे।

## प्रशिक्षु डीएसपी ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान




इटकी (आजाद सिपाही)। इटकी थाना क्षेत्र में अपराध और सड़क दुर्घटना नियंत्रण को लेकर सोमवार को प्रशिक्षु डीएसपी दशरू बान सिंह ने सड़क पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान बिना हेल्मेट के चल रहे बाइक चालको के दर्जनों बाइक और स्कुटी को जब्त किया, वहीं चार चक्की वाहन सहित अन्य बड़ी वाहनों के ओरिजिनल कागजात का भी जांच किया। बाईक चालकों द्वारा घरों से हेल्मेट लाने के बाद डीएसपी ने जब्त वाहनों को मुक्त किया। उन्होंने लोगों को हमेशा हेल्मेट लगा कर वाइक चलाने की नसीहत के शाथ शाथ हिदायत देते हुए चेताया कि आइंदा नियम का उलंघन करने पर न्याय संगत कड़ी कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

## विकास कुमार मुंडा ने रखी बुंडू अनुमंडलीय अस्पताल में हेल्थ यूनिट भवन की आधारशिला



बुंडू (आजाद सिपाही)। बुंडू अनुमंडलीय अस्पताल में ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट भवन निर्माण कार्य का आधारशिला विधायक विकास कुमार मुंडा ने रखी। भवन निर्माण का कार्य जिला परिषद योजना के तहत लगभग 40 लाख 57 हजार रुपए की लागत से बनेगी। स्थानीय विधायक ने आगे कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में हमारी सरकार की पहला कदम है। स्वास्थ्य की जरूरत हर किसी को होती है इस मौके पर जिला परिषद सदस्य परमेश्वरी शांडिल, दिलीप स्वांसी दिनेश भगत डाक्टर दिलीप पासवान सदानंद महतो उत्तम प्रमाणिक, नेपाल दास दिनेश भगत, बबलू कुंडू, दीपक, संतोष, बासु सेठ के अलावा अनुमंडलीय अस्पताल के पदाधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

## युवा कांग्रेस के बुंडू प्रखंड अध्यक्ष संदीप लोहरा ने श्राद्ध कर्म में किया सहयोग




बुंडू (आजाद सिपाही)। युवा कांग्रेस के बुंडू प्रखंड अध्यक्ष संदीप लोहरा ने गाभड़ेया पंचायत के उलीदा गांव निवासी स्व ऐतवारी देवी के श्राद्ध कर्म में उनके परीजनों को खाद्य सामग्री का सहयोग किया। कुछ दिनों पूर्व ऐतवारी देवी का निधन हो गया था उनके परिजनों ने युवा कांग्रेस के तमाड़ विधानसभा अध्यक्ष नीतीश पांडे से संपर्क कर श्राद्ध कर्म में सहयोग मांगा गया था। सोमवार को विधानसभा अध्यक्ष नीतीश पांडे के निर्देशानुसार तमाड़ युवा कांग्रेस के विधानसभा महासचिव राजेश सिंह मुंडा और प्रखंड अध्यक्ष संदीप लोहरा ने उलीदा जाकर मृतक के पुत्र योगेन्द्र उरांव को चावल दाल तेल आलू वगैरा खाद्य सामग्री दिया और आगे भी हर तरह का सहयोग देने का आश्वासन दिया।मृतक के पुत्र योगेन्द्र उरांव और परीजनों के द्वारा युवा कांग्रेस कमेटी और संदीप लोहरा को धन्यवाद दिया गया।

## गणेश स्पोटिंग क्लब के छह खिलाड़ियों का राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक्स मीट प्रतियोगिता के लिए हुआ चयन



पिपरवार (आजाद सिपाही)। गणेश स्पोटिंग क्लब राय के छः एथलेटिक्स खिलाड़ियो का 19वीं राष्ट्रीय जुनियर एथलेटिक्स मीट प्रतियोगिता के लिए चयन किया गया है। इस मौके पर गणेश स्पोटिंग क्लब राय के सचिव सह खेल शिक्षक गणेश कुमार महतो ने सोमवार को चयनित सभी एथलेटिक्स खिलाड़ियो को क्लब के कार्यालय मे माला पहनाकर सम्मानित किया। इस संबंध में क्लब के सचिव गणेश कुमार महतो ने बताया कि उक्त सभी एथलेटिक्स खिलाड़ियो को जिला और राज्य स्तरीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने पर 19वीं राष्ट्रीय जुनियर एथलेटिक्स मीट प्रतियोगिता के लिए चयन किया गया है। 19वीं राष्ट्रीय जुनियर एथलेटिक्स मीट प्रतियोगिता का आयोजन 16 से 18 फरवरी तक अहमदाबाद गुजरात में एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के द्वारा किया जायेगा। इस प्रतियोगिता मे देश के लगभग सभी राज्यो को एथलेटिक्स खिलाड़ी शामिल हो रहे है। खिलाड़ियों के साथ कोच गणेश कुमार महतो भी रवाना होगे।प्रतियोगिता मे चयनित होने वाले खिलाड़ियों में दीपाली कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, छोटू उरांव, प्रभाकर, रोशन और संजय का नाम शामिल है।

## बीडीओ ने किया मॉडल स्कूल का औचक निरीक्षण



खूंटी (आजाद सिपाही)। खूंटी के प्रखंड विकास पदाधिकारी ज्योति कुमारी ने सोमवार को कर्रा रोड स्थित बिरहू मोड़ के समीप अवस्थित मॉडल स्कूल का औचक निरीक्षण किया। बीडीओ के साथ प्रखंड के पूर्व उप प्रमुख जितेंद्र कश्यप भी शामिल थे। औचक निरीक्षण के दौरान विद्यालय में पठन-पाठन के साथ ही साफ-सफाई और कंप्यूटर प्रशिक्षण की अच्छी व्यवस्था को देखकर बीडीओ संतुष्ट हुई। इस दौरान विद्यालय के बच्चों का शिक्षा ज्ञान मापने के लिए बीडीओ ने बच्चों से कई सवाल भी पूछे जिसका बच्चों ने सही-सही उत्तर दिया। मौके पर बच्चों को मतदान क्यों जरूरी है और मतदान संबंधी पूर्ण जानकारी दी गयी। साथ ही स्कूल के द्वारा आयोजित पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान के लिए प्रतिभागियों का चयन किया गया। मौके पर स्कूल की प्रिंसिपल सरिता किंडो सहित अन्य शिक्षक शिक्षिकाओं ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को फूलों का गमला प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## सरस्वती पूजा में शराब की बिक्री और अश्लील गाने बजाने पर रहेगी पाबंदी



रातू (आजाद सिपाही)। सरस्वती पूजा और विदाई समारोह को लेकर थाने में सोमवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में थाना प्रभारी ने पूजा के दौरान समिति के सभी लोगों को सजग रहने और के दौरान अश्लील और भड़काऊ गाने पर पाबंदी लगाने की बात कही। वहीं शांति समिति के सदस्यों ने पूजा से पहले व विसर्जन तक शराब की बिक्री पर पाबंदी लगाने और अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की। बैठक में रांची जिप अध्यक्ष निर्मला भगत, प्रखंड प्रमुख संगीता देवी, उप प्रमुख रेयाजुल अंसारी, कमरुल हक, कामेश्वर महतो, शिवपूजन साहू, राजकुमार, खलिल अंसारी, असलम अंसारी, चिंटू मिश्रा, अरशद अयूब, अतुल राज, बेलाल, रामनंदन, मियांजान के अलावा शांति समिति के सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## भाजपा ने लालगंज में गांव चलो अभियान को लेकर बैठक



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** गांव चलो अभियान के तहत सोमवार को टाटीसिलवे के लालगंज बूथ क्रमांक 297 में पूर्व कर्नल वीरेंद्र कुमार सिंह के आवास पर बैठक की गयी। इसकी अध्यक्षता कर्नल वीरेंद्र कुमार सिंह ने की। उन्हों लोगों को केंद्र सरकार की योजनाओं को विस्तार पूर्वक बताया। पूर्व सैनिक संजीत सिंह ने भाजपा को और मजबूत बनाकर लोकसभा चुनाव में जीत हासिल कराने की अपील की। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित कांके विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक डॉ जीतू चरण ने भाजपा सरकार द्वारा दी जा रही योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने की अपील की। बैठक में एसके सिंहा, सुनील तिवारी, अनिल शर्मा, अरुण शर्मा, राकेश शर्मा, वकील सिंह, दिनेश महतो, सूबेदार महतो, लालबाबू पांडे, राजेश झा, रामू गुप्ता, गायत्री देवी, चंचला देवी, आशा सिंह, डेजी सिंह, विमला देवी, मंजू पांडे, वंदना सिंह, वर्षा देवी, रेखा देवी, मंजू पांडे, रीता महतो आदि उपस्थित थे।

## मंडल अध्यक्ष ने अयोध्या राम मंदिर जा रहे भाजपा कार्यकर्ताओं का किया स्वागत



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** भाजपा खिजरी मंडल अध्यक्ष अशोक मुंडा के नेतृत्व में खिजरी मंडल से अयोध्या राम मंदिर दर्शन करने जा रहे कार्यकर्ताओं को विदाई दी गई। सोमवार को सांसद सामाधान केंद्र में आयोजित कार्यक्रम में जा रहे सभी लोगों को माला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान अशोक मुंडा ने बताया कि रांची से विशेष आस्था स्पेशल ट्रेन से सभी अयोध्या के लिये राम भक्त रवाना हुए। हम सभी के लिये यह गर्व की बात है कि 500 साल के इंतजार के बाद प्राण प्रतिष्ठा हुई और इतने कम समय में दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हुआ। मौके पर महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष आरती सिंह, सांसद प्रतिनिधि खिजरी विधानसभा प्रमोद कुमार सिंह, जिप सदस्य रामअवतार केरकेट्टा, बनो और बनाओ मंच के सचिव अखिलेश यादव, समाजसेवी प्रभाष झा, सांसद प्रतिनिधि विजेंद्र राय, सरोज राय, मंडल उपाध्यक्ष प्रज्ञा भारती, अरविंद कुमार, समीर राय, राजू नायक, मधु राय, दिलीप साहू, उर्मिला देवी, सुजीत सिन्हा, कुसुम मुंडा, शिल्पी शालिनी, जयंती देवी, रमेश लकड़ा, प्रकाश मुंडा, अनिरुद्ध पांडे, गोपाल चौधरी, अपूर्वा चौधरी, कुसुम मुंडा आदि उपस्थित थे।

### सरस्वती पूजा को लेकर रातू थाना परिसर में शांति समिति की बैठक

# सरस्वती पूजा में शराब की बिक्री व अश्लील गानों पर पूर्ण प्रतिबंध

आजाद सिपाही संवाददाता

**रातू।** सरस्वती पूजा व प्रतिमा विसर्जन को लेकर रातू थाने में सोमवार को शांति समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख संगीता देवी ने की। बैठक में सरस्वती पूजा शांति व सौहार्दपूर्ण माहौल में मानने को लेकर कई बिंदुओं पर चर्चा की गई। थाना प्रभारी ने पूजा के दौरान समिति के सभी लोगों को सजग रहने व अश्लील व भड़काऊ गाने पर पूर्ण पाबंदी लगाने की बात कही। इसके अलावा कई महत्वपूर्ण निर्णय और निर्देश पूजा कमेटी के सदस्यों को दिये गए। वहीं, शांति समिति के सदस्यों ने पूजा से पहले व विसर्जन तक शराब की बिक्री पर पाबंदी लगाने व अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की। बैठक में रांची जिप अध्यक्ष निर्मला भगत, प्रखंड प्रमुख संगीता देवी, उप प्रमुख रेयाजुल अंसारी, कमरुल हक, कामेश्वर महतो, शिवपूजन साहू, राजकुमार, खलिल अंसारी, असलम अंसारी, चिंटू मिश्रा, अरशद अयूब, अतुल राज, बेलाल अंसारी, रामनंदन महतो, मियांजान अंसारी, गुलजार अंसारी, अक्लिमा खातून, फूलकुमारी देवी, मोबारक खान के अलावा शांति समिति के सैकड़ों लोग मौजूद थे।



शांति समिति के सदस्यों के साथ बैठक करते थाना प्रभारी।

# बेड़ो में जंगली हाथियों का दहशत, शाम होते ही खाली हो जा रहे हैं चौक-चौराहे

### डेढ़ महीने में बेड़ो के 10 गांव में दर्जनों किसानों के फसलों को बर्बाद किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** प्रखंड क्षेत्र में इन दिनों जंगली हाथियों का उपद्रव इतना बढ़ गया है कि वन क्षेत्र के आसपास बसे गांवों व प्रखंड मुख्यालय में रहने वोल लोग शाम होते ही अपने-अपने घरों में दुबक जा रहे हैं। सड़क मार्ग पर सन्नाटा पसर जा रहा है। गांव से सटे जंगल में जंगली हाथियों ने डेरा डाल रखा है। शाम होते ही हाथी जंगल से निकलकर उपद्रव मचाना शुरू कर देते है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के मुताबिक पिछले डेढ़ महीने में बेड़ो प्रखंड के कई गांव में जंगली हाथियों ने जंगल से सटे गांवों के दर्जनों किसानों की फसलों को खाकर व रौंदकर बर्बाद कर दिया है। जिसमें एक कोकड़े, बोदा, नदी टोली, जोबी टोली, भसनंदा, जरिया टेंगरिया में, हुटार गांव, बिरनी बेड़ा, जहानाबाज, चरिमा, ईंटा और कोकड़े गांव में दर्जनों किसानों के आलू मटर, गेंहू, सरसो के फसल को खाकर व रौंदकर बर्बाद कर दिया है। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले डेढ़ महीने से हाथियों का उत्पात ऐसा बढ़ा हुआ है कि प्रखंड क्षेत्र के दर्जनों गांव के ग्रामीण रतजगा करने को विवश हो गए हैं। आए दिन हाथियों का झुंड किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। हाथियों का झुंड खेतों में लगी सब्जियों व फसल को खाकर बर्बाद कर रहे है। ग्रामीणों का कहना है कि मुआवजा तो मिलता नहीं, उल्टे जिम्मदारों को सूचना देने के बावजूद वे आते तक नहीं है।



#### प्रति वर्ष लाखों का घर व फसल बर्बाद

हाथियों के उत्पात के चलते प्रति वर्ष ग्रामीणों-किसानों को लाखों रुपये का नुकसान हो रहा है। उनके घर-मकान टूट रहे हैं। फसलें बर्बाद हो रही हैं।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## रातू थाना में पूर्व थानेदार की विदाई और नये थानेदार का का हुआ भव्य स्वागत



**रातू (आजाद सिपाही)।** थाना परिसर में सोमवार को थानेदार सपन कुमार महथा की विदाई और नये थानेदार शशिभूषण चौधरी का स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्रमुख संगीता देवी की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुई। वक्ताओं ने सपन कुमार महथा द्वारा किये गये कार्य की खूब सराहना की। इस दौरान उनके चाहने वाले लोग और समस्त पुलिसकर्मियों ने बुके, शॉल, अंगवस्त्र और उपहार देकर विदाई दी। इस पर सपन महथा ने कहा कि इन 15 महीनों में अमन पसंद रातू वासियो से जो प्यार व स्नेह मिला है वह हम कभी भूला नहीं पाएंगे। उन्होंने कहा किशांति शान्ति समिति में जुड़े लोगों ने अपराध पर नियंत्रण के लिए उनके साथ कदम से कदम मिला कर साथ दिया है। वहीं, नये थानेदार शशि भूषण चौधरी ने कहा कि जनता की सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है। मुझे सरकार ने जिस उम्मीद के साथ थाने में पदस्थापित किया है उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करूंगा। उन्होंने अपराध पर अंकुश लगाने के लिए सभी से जन सहयोग करने में भागीदारी व क्षेत्र में हो रहे अपराधिक घटना की तुरंत सूचना देने की अपील की।

## नये थाना प्रभारी का हुआ स्वागत



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के नामकुम थाना में नए पदस्थापित थाना प्रभारी ब्रह्मदेव प्रसाद का स्वागत सोमवार को नामकुम के जन प्रतिनिधियों ने बुके देकर व शॉल ओढ़ाकर किया। इस पर थाना प्रभारी ने कहा कि क्षेत्र में किसी भी तरह के अपराध एवं अपराधियों की कोई जगह नहीं होगी। जनता निर्भिक होकर थाना आये और अपनी समस्याओं को रखे। मौके पर राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार सिंह, खिजरी विधानसभा सांसद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार सिंह, जिप सदस्य रामअवतार केरकेट्टा, मुखिया अनिता तिर्की, उपमुखिया सुबोध सिंह टनटन, कांग्रेसी नेता रमेश पांडेय, विनय गांगुली, संदीप स्वंसी, दीपक राणा आदि थे।

## गांव चलो अभियान के तहत ओबीसी मोर्चा उपाध्यक्ष ने किया साल्हन बूथ पर प्रवास



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** भाजपा की ओर से चलाये जा रहे गांव चलो अभियान के लिए बूथ पर 24 घंटे प्रवास के तहत सोमवार को भाजपा ओबीसी मोर्चा ग्रामीण के जिला उपाध्यक्ष नरेश साहू साल्हन बूथ नंबर 90 पर पहुंचे। वहीं भाजपा नेता बनमाली महतो बेड़वारी बूथ नंबर 94 पर प्रवास किया। नरेश साहू ने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर आगामी लोकसभा चुनाव की रणनीति को लेकर सुझाव देते हुए केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक ले जाने की अपील की। उन्होंने घर-घर जाकर केंद्र सरकार की योजनाओं से लोगों को अवगत कराया। वहीं, नरेश साहू ने बूथ पर बूथ समिति के सदस्यों से भी बातचीत की और बूथ जीतने के लिए तैयार रहने को कहा। मौके पर अनिता देवी, पुनम देवी, झालो देवी, पार्वती देवी, मंजु देवी, सुनीता देवी, शीला देवी, संतोषी देवी, रेशमी देवी, सुशीला देवी, काजू देवी, राहूल माली, प्रदीप साहू, विजय साहू, श्याम सुंदर महतो, जगमोहन साहू, संजय साहू आदि थे।

## लापुंग में 1032 परीक्षार्थी दे रहे मैट्रिक परीक्षा, चार अनुपस्थित

**लापुंग (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में मैट्रिक की परीक्षा के लिए चार केंद्र बनाए गए हैं। राजकीय मध्य विद्यालय लापुंग में 215 में से 3 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे, जबकि लापुंग इंटर महाविद्यालय में 327 में से एक अनुपस्थित रहा। कदाचार मुक्त परीक्षा के लिए बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया व कैमरा की निगरानी में परीक्षा संपन्न हुई।

# भगवा ध्वज दिखाकर अयोध्या जा रहे दर्शनार्थियों के जत्थे को किया रवाना

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिस्कानगड़ी।** मानस प्रचार मंडल के बैनर तले सोमवार को 67 सदस्यों का जत्था मंडल अध्यक्ष कमलेश कमलेश कुमार केसरी के नेतृत्व में श्रीराम लला के दर्शन को अयोध्या के लिए रवाना हुआ। इस अवसर पर पर रांची केसरवानी तरुण सभा की ओर से नगड़ी चौक पर स्वागत किया गया। जिला तरुण सभा के रांची जिला अध्यक्ष मनीष केसरी ने सभी यात्रियों को माला पहनाकर और लड्डू खिला कर स्वागत किया। वहीं, श्रीराम जन्मभूमि दर्शन अभियान के झारखंड प्रदेश संयोजक शशि भूषण भगत ने भगवा ध्वज दिखाकर सभी को रवाना किया। इस मौके पर मानस प्रचार मंडल के अध्यक्ष कमलेश केसरी, हेमंत केसरी, नगड़ी केशरवानी समाज के अध्यक्ष रामजीवन केसरी, महामंत्री दिनेश केसरी, कोषाध्यक्ष दीपक केसरी, नगड़ी केसरवानी तरुण सभा के अध्यक्ष आदित्य केसरी, पुरुषोत्तम केसरी, प्रवेश केसरी, राजकुमार केसरी, संदीप केसरी, मंगरु केसरी, केदार महतो, अरविंद केसरी, राकेश केसरी, संजीव केसरी, राजेश केसरी, रामानंद केसरी, संजय प्रसाद कश्यप, घनश्याम चौधरी, विजय केशरी, मनोज महतों, गौरी शंकर सिंह, दीपक केशरी (घर संसार) विनय केशरी, धंजय पाण्डे, सुरेश केसरी, सुधीर भगत, रामानंद केसरी, रघुनंदन केसरी, निर्भय भगत, वीना देवी, संतोष केसरी आदि थे।



# राम लला के दर्शन को ओरमांझी से अयोध्या के लिए रवाना हुए रामभक्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**ओरमांझी।** राज्यसभा सांसद आदित्य प्रसाद साहू ने अयोध्या में रामलला के दर्शन के लिए ओरमांझी ब्लॉक चौक से राम भक्तों को अंग वस्त्र पहनाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि बहुत ही भाग्यशाली हैं जो अयोध्या में राम लला का दर्शन करेंगे। भाजपा प्रत्येक प्रखंड से रामलला का दर्शन करने के लिए 36-36 दार्शनिकों को अयोध्या भेज रही है। रांची से स्पेशल ट्रेन से राम भक्तों को भेजा जा रहा है जिनके खाने पीने और ठहरने की व्यस्था भाजपा कर रही है। इस अवसर पर प्रदेश किसान मोर्चा उपाधक्ष अमरनाथ चौधरी, जिला उपाधक्ष मानकी राजेंद्र साही, मंडल अध्यक्ष दिलीप मेहता, प्रखंड प्रमुख अनुपमा देवी, महामंत्री अलखनाथ महतो, सांसद प्रतिनिधि राजेश गुप्ता, विक्रांत तिवारी, सोसल मीडिया प्रभारी शशि मेहता, उप मुखिया संतोष गुप्ता, किसान मोर्चा अध्यक्ष कामेश्वर महतो आदि ने झंडा दिखा कर ब्लॉक चौक से बस को रवाना किया। वहीं, राम लला के दर्शन को जाने वालों में बालक पाहन, लक्ष्मण साहू, कृष्ण कुमार, रामकिंकर पाहन, सोनाराम मुंडा, त्रिथनाथ महतो, चैतू मुंडा, राम इकबाल तिवारी और रमेश महतो समेत 32 लोग शामिल हैं।



### चिकित्सा प्रभारी डॉ अजीत कुमार के अभद्र व्यवहार से आक्रोशित सहिया-साथियों का प्रदर्शन

# सिविल सर्जन के समझाने पर छह घंटे बाद आंदोलन स्थगित

**सिविल सर्जन ने कहा- चिकित्सा प्रभारी पर होगी कार्रवाई**

### आरोपित चिकित्सक के क्रियाकलापों से सिविल सर्जन भी नाखुश

आजाद सिपाही संवाददाता

**कांके।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 32 पंचायत और गांव में कार्यरत लगभग 300 से भी अधिक सहिया और सहिया साथियों ने सोमवार की सुबह 10 बजे से ही केंद्र में आकर जोरदार प्रदर्शन करने लगे। उनका आरोप था कि केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अजीत कुमार उन लोगों के साथ अभद्र व्यवहार करते हैं। तानाशाही रवैया अपनाए हुए हैं। बात-बात पर अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं। काम से हटा देने की धमकी देते हैं। खराब वर्क प्रदर्शन का आरोप लगाकर 71 सहिया बहनों को हटा देने की लगातार धमकी दे रहे हैं। उन्होंने सूची भी बना रखी है। वहीं, बंध्याकरण ऑपरेशन, जेएसवाई, एनएसभी टारगेट पूरा नहीं करने और खराब प्रदर्शन का आरोप लगाकर 6 सहिया बहनों में से एक को कार्य मुक्त करते हुए हटा भी चुके हैं। लक्ष्य पूरा करने को लेकर डॉ अजीत हमेशा गाली गलौज करते हैं। उधर, आंदोलनरत महिला सहियायों ने चिकित्सा प्रभारी पर गंभीर आरोप भी लगाए। उधर, प्रदर्शन की सूचना पाकर डॉ अजीत कुमार दोपहर 12.30 बजे केंद्र पहुंचे तो महिला प्रदर्शनकारियों ने उन्हें घेर लिया और खूब खरी-खोटी सुनाई। इसी बीच डॉ अजीत ने कांके पुलिस को इसकी सूचना दी। वहां से एसआई मोहित कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल पहुंच गई और प्रदर्शनकारी महिलाओं को समझाने की कोशिश की। इसी बीच डॉ अजीत अपनी कार से जाने लगे तो महिलाओं ने पूरा गेट बंद कर दिया और सिविल सर्जन के आने तक यहीं रहने को कहा। हालांकि पुलिस के समझाने के बाद उन्हें वहां से जाने दिया गया। उधर, रांची सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार आपराह्न तीन बजे स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे और प्रदर्शनकारी महिला सहिया साथियों और निगरानी निरीक्षक अखिलेश प्रसाद सहित अन्य से वार्ता की। इसके बाद सिविल सर्जन ने कहा कि उनकी शिकायतें बहुत है। उच्च अधिकारियों को सूचना देते हुए इसे स्पष्टीकरण मांगा जाएगा। साथ ही सहियायों के साथ अन्याय न हो इसको लेकर गंभीरता पूर्वक विचार किया जाएगा। आला अधिकारियों को उनके तानाशाही अभद्रता और गाली गलौज करने के संबंध में सूचना दी जाएगी। सिविल सर्जन ने बताया कि यह सरकारी नियमानुसार कार्य नहीं कर रहे हैं। सिविल सर्जन ऑफिस को किसी तरह की सूचना नहीं देते हैं। सीधे उच्च अधिकारियों एनएचएम ऑफिस को सूचना देकर कार्य कर रहे हैं। यह गलत प्रक्रिया है। केंद्र के स्वास्थ्य कर्मचारियों ने सिविल सर्जन से ब्लॉक अकाउंट मैनेजर प्रमोद कुमार और बड़ा बाबू आभास कुमार के विरुद्ध भी शिकायत की है। सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार को बताया कि केंद्र से सेवा से बर्खास्त की गई टर्मिनेटेड ब्लॉक अकाउंट मैनेजर प्रियंका कुमारी के इशारे पर डॉ अजीत कुमार, वर्तमान में पदस्थापित प्रमोद कुमार और बड़ा बाबू आभास कुमार कार्य कर रहे हैं। नियम के विपरीत राशि निकाली जा रही है। वितीय अनियमितता भी बरती जा रही है।



# ग्रामीणों ने बाइक चोर को रंगेहाथ पकड़ा

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** थाना क्षेत्र के बेड़ो बाजार टांड़ स्थित शौचालय परिसर से सोमवर को बाइक चोरी कर भाग रहे एक युवक को लोगों ने रंगेहाथ पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया है। जानकारी के अनुसार बेड़ो थाना क्षेत्र के बाजार टांड़ स्थित शौचालय परिसर से सोमवर की दोपहर दो बजे ग्राम ईंटा के रिंकू उरांव अपनी बाइक शौचालय परिसर में लगाकर बाजार सब्जी खरीदने गया था। जब वह बाजार से आया तो बाइक नदारद मिली। रिंकू ने तुरंत अपने अस्तर से अगल-बगल बाइक की तलाश की, लेकिन कोई पता नहीं चला। वहीं, ग्रामीणों ने बताया कि एक लड़का बाइक लेकर जा रहा है। तभी उसकी भी नजर बाइक लेकर भाग रहे युवक पर पड़ गई। उसने शोर मचा दिया, तो लोगों ने दोड़ाकर परड़ लिया। बाद में बेड़ो पुलिस के हवाले कर दिया। बाइक चोर की पहचान रांची जिला के ठाकुर गांव थाना क्षेत्र निवासी ताहरफ हुसैन के 26 वर्षीय पुत्र मुस्तफीज अहमद के रूप में हुई है। घटना को लेकर थाना क्षेत्र के ईंटा चिंद्री गांव निवासी रिंकू उरांव ने एफआईआर दर्ज करने के लिए थाना में आवेदन दिया है। दूसरी ओर, बेड़ो थाना क्षेत्र के बारीडीह बेड़ो में सोमवार को दिन में ही अज्ञात चोरों ने महादेव गोप के घर से जेवर व नगदी लेकर चोरी कर ली। घटना के समय महादेव आरकेडी सड़क निर्माण कार्य में काम करने गया था। मां और पत्नी खेत गए हुए थे। वहीं चोरों ने घात लगाकर बंद घर को अपना निशाना बनाया। मौका पाकर घर में घुस गए और अलमीरा के लॉक को तोड़कर उसमें रखे सोने, चांदी के आभूषणों के अलावा 15 हजार रुपये लेकर फरार हो गए। महादेव ने बताया कि वह प्रतिदिन की तरह सड़क निर्माण कार्य में काम करने के लिए चला गया था। जब वह दोपहर 12 बजे अपने घर खाना खाने के लिए पहुंचा तो घर में लगे ताले टूटे मिले। अंदर जाकर देखा तो कमरे के सामान बिखरे पड़े थे। घर के कमरे में रखा अलमीरा भी टूटा पड़ा था। यह देख उनके होश उड़ गए। सामानों को चेक किया तो पता लगा कि चोर घर में रखे एक बोरी चावल, नकद 15 हजार रुपये, हजारो रुपए सोने व चांदी की जेवरात सहित अन्य सामान चोरी कर ले गए। उन्होंने कहा कि चोरों ने कमरे को पूरी तरह से खंगाला और घटना को अंजाम दिया। इधर बरीडीह गांव में हुई इस चोरी की वारदात के बाद गांव वासियों में दहशत व्याप्त है।





